जनपद हमीरपुर

थाना मुस्करा **दिनांक 19.06.2026**

थाना मुस्करा पुलिस एवं मिशन शक्ति टीम की सक्रियता से 02 भटकी हुई बालिकाओं को सुरक्षित उनके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया।

अवगत कराना है कि आज दिनांक 19.06.2026 को मिशन शक्ति टीम, थाना मुस्करा, जनपद हमीरपुर द्वारा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान मुस्करा चौराहे पर लगभग 06 वर्ष एवं 04 वर्ष आयु की दो बालिकाएं रोती हुई एवं बिना किसी अभिभावक के मिलीं। मिशन शक्ति टीम द्वारा दोनों बालिकाओं को सकुशल थाना मुस्करा लाया गया तथा उनसे उनके नाम-पता एवं परिजनों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया, किन्तु बालिकाएं कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे सकीं। इसके उपरांत थाना मुस्करा पुलिस एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा बालिकाओं के परिजनों की तलाश हेतु व्यापक स्तर पर खोजबीन की गई। अथक प्रयासों के उपरांत उनके परिजनों का पता लगाया गया। संपर्क करने पर परिजनों ने बताया कि उक्त दोनों बालिकाएं उनकी पुत्रियां हैं, जिनकी आयु क्रमशः लगभग 06 वर्ष एवं 04 वर्ष है।

बालिकाओं की माता ने बताया कि वह दिनांक 19.06.2026 को मथुरा स्थित ईंट-भट्टे से वापस अपने घर मुस्करा आई थीं। घर पहुंचने के बाद वह घरेलू कार्य एवं साफ-सफाई में व्यस्त हो गईं, जबकि उनकी दोनों पुत्रियां घर के बाहर खेल रही थीं। खेलते-खेलते दोनों बालिकाएं घर से निकलकर मुस्करा चौराहे तक पहुंच गईं, जहां उन्हें मिशन शक्ति टीम द्वारा सुरक्षित पाया गया।

सत्यापन उपरांत दोनों बालिकाओं को उनकी माता, बड़े पिता एवं चाचा के सुपुर्द सकुशल किया गया। आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर उन्हें थाना मुस्करा से सकुशल रवाना किया गया।